

एक नजर में

## नाबालिग युवक को खेत पर लगा करंट, मौत

**रतलाम।** सैलाना थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नयापाड़ा में एक 15 वर्षीय नाबालिग युवक करंट की चपेट में आ गया, जिसके कारण अचेत हो गया। परिजन उसे तुरंत नजदीक के अस्पताल ले गये जहा डॉक्टर ने जांच कर युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार शाम को ग्राम नयापाड़ा नारायणगढ़ थाना सैलाना निवासी 15 वर्षीय युवक आशीष पिता प्रकाश खराड़ी अपने गांव के दोस्तों के साथ राजेश जाट के खेत तरफ गाय चाराने गया था। खेत की मेढ़ (सेडा) पर खुले बिखरे तार की वजह से आशीष उसकी चपेट में आ गया। परिजन उसे तुरंत अस्पताल ले गए जहा, मौजूद डॉक्टर ने जांच के उपरांत आशीष को मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

## जैविक हाट बाजार में 39,300 रुपए से अधिक के जैविक उत्पादों का विक्रय



**रतलाम।** परियोजना संचालक आत्मा निर्भय सिंह नर्गेश ने बताया कि रविवार को जिले में आयोजित जैविक/प्राकृतिक हाट बाजार में विभिन्न विकासखंडों से आए किसानों ने अपने जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों का विक्रय किया। हाट बाजार में कुल 7 जैविक कृषक अपने उत्पाद लेकर पहुंचे और उपभोक्ताओं ने उत्साहपूर्वक जैविक उत्पादों की खरीदारी की। धामनोद से आए किसान चंद्रभानु द्वारा अनाज, दालें, सब्जियां, फल एवं मूंगफली का 22,500 रुपये का विक्रय किया गया। दिलीप धाकड़ द्वारा शहद का 3500 रुपये तथा ताल के आक्या खुर्द से लखन सिंह द्वारा ऑर्गेनिक संतरा व मौसंबी का 6500 रुपये का विक्रय किया गया। बालकृष्ण तिवारी द्वारा सोना मोती एवं खपली प्रजाति के गेहूं का 1700 रुपये तथा विक्रम सिंह पाटीदार द्वारा हल्दी, मिर्च पाउडर एवं दाल का 1200 रुपये का विक्रय किया गया तथा उमेश धाकड़ (बांगरोद) द्वारा घी एवं दूध सहित जैविक उत्पाद 3,200 रुपए में विक्रय किए गए। जैविक हाट बाजार में कुल 39,300 रुपये से अधिक के जैविक उत्पादों का विक्रय हुआ।

## 600 से अधिक महिलाओं ने किया गणगौर व्रत उद्यापन



**रतलाम।** सर्व ब्राह्मण महासभा रतलाम के महिला मंडल द्वारा आयोजित गणगौर उद्यापन कार्यक्रम रामकृष्ण विवेकानंद आश्रम, जवाहर नगर में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में लगभग 600 मातृशक्तियों ने गणगौर माता का व्रत रखकर विधिवत उद्यापन किया। इस अवसर पर भगवान शिव–पार्वती की महाआरती मुख्य अतिथि प्रमोद व्यास द्वारा की गई। साथ ही निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, राजेश दवे, अनिता दवे, श्रीमती प्रेमलता दवे, संदीप व्यास, नीतू व्यास, श्रीमती हीरामणि पुरोहित एवं डॉ. सुलोचना शर्मा द्वारा भव्य चल समारोह का शुभारंभ किया गया। चल समारोह में त्रिवेदी आर्ट्स द्वारा निर्मित सुसज्जित रथ पर विराजित गणगौर माता की आकर्षक प्रतिमा एवं गौरा–शिव की नयनाभिराम झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं, जिन्हें देखने के लिए मार्गभर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वागत महासभा अध्यक्ष प्रवीण कुमार उपाध्याय, संयोजक ओमप्रकाश त्रिवेदी, कौशल किशोर द्विवेदी, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती कौशल्या त्रिवेदी सहित लक्ष्मी किशोर द्विवेदी, हेमंत तिवारी, विजय शर्मा, चैतन्य शर्मा, बालकृष्ण जोशी, निर्मल नागर, सुभाष शर्मा, गोपाल जोशी, गोपाल व्यास, प्रवीण शर्मा, अरविंद उपाध्याय, संतोष जोशी, भावना शर्मा, रजनी उपाध्याय, सरोज ओझा, रक्षा मिश्रा, शन्नो तिवारी, राधा व्यास, सुनीता शर्मा, मोना शर्मा, मधुलिका द्विवेदी एवं बबीता नागर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में समाज के लगभग 1500 से अधिक बंधुओं की उपस्थिति में सहभोज का आयोजन किया गया। उपस्थित जनसमूह ने आयोजन की भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुए इसे समाज की एकता और सांस्कृतिक परंपरा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उक्त जानकारी कौशल्या त्रिवेदी ने दी।

## कुमकुम, चावल और लच्छा बांधकर विधि-विधान से किया पत्रिका लेखन



**जावरा।** भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के आयोजन को लेकर रविवार को शुभ मुहूर्त में पत्रिका लेखन का कार्य संपन्न हुआ। कार्यक्रम पिपली बाजार स्थित जैन पंचायती नोहरा में सकल श्रीसंघ के पदाधिकारियों एवं जैन सोशल ग्रुप मेन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। जैन सोशल ग्रुप अध्यक्ष अशोक चोपड़ा ने बताया कि जन्म कल्याणक महोत्सव 31 मार्च को नगर में विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव के अंतर्गत नगर में पांच दिवसीय कार्यक्रम आयोजित होंगे। 28 मार्च को शाम 5 बजे पिपली बाजार जैन मंदिर परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तथा 31 मार्च को नगर में विशाल चल समारोह निकाला जाएगा। आयोजन के तहत पत्रिका लेखन कार्यक्रम के प्रारंभ में भगवान महावीर स्वामी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। इसके बाद सभी पत्रिकाओं को थाल में रखकर विधि–विधान से नमस्कार महामंत्र के उच्चारण के साथ कुमकुम, चावल एवं लच्छा बांधकर पत्रिका लेखन का कार्य किया गया। गुड़–धनिया का प्रसाद चढ़ाकर भगवान महावीर स्वामी के जयकारे लगाए गए। लिखी गई पत्रिकाओं को जेएसजी संयोजक चंद्रप्रकाश ओस्तवाल, कमल नाहटा, प्रकाश कांठेड़, अभय कोठारी, प्रकाश चौरडिया, शिखर धारीवाल, अनिल पोखरना आदी समाजजनों की मौजूदगी में मंदिरों तक पहुंचाया जाएगा। इधर, पत्रिका लेखन कार्यक्रम में जेएसजी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धरमचंद चपड़ोद, सचिव कनेश मेहता, कोषाध्यक्ष विमल सिसोदिया, कार्यक्रम संयोजक सुभाष डूंगरवाल, अजीत चत्तर, शेखर नाहर, नेमीचंद जैन, पवन पाटनी, महावीर छाजेड़, पंकज कांठेड़, राजेश संघवी, राहुल चपड़ोद, सिद्धार्थ डूंगरवाल आदि उपस्थित थे।

# रतलामी सेव का नाम ही नहीं, काम भी विश्वस्तरीय हो : मंत्री काश्यप

**ओडीओपी प्रगति समिट 2026 का आयोजन**



नवभारत न्यूज

**रतलाम।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, मध्य प्रदेश शासन द्वारा 'वन डिस्ट्रिक्ट- वन प्रोडक्ट' (ओडीओपी) पहल के अंतर्गत एमपी एमएसएमई (ओडीओपी) प्रगति समिट 2026' का आयोजन सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप के मुख्य आतिथ्य में रतलाम में किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कश्यप ने रतलाम की सेव के व्यवसाय को पहचान दिलाने के लिए किए गए कार्यों एवं रतलामी सेव को विश्व स्तर पर पहचान दिलवाने वाले व्यक्तियों/व्यावसाईयो की जानकारी देते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लघु सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यम को देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानते हैं और स्थानीय उद्यमों के विकास के लिए प्राथमिकता से काम करते हैं।

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उद्योगों के विकास को रफ्तार दी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने स्थानीय उत्पादों को पहचान दिलाने के लिए प्राथमिकता से काम करते हुए उद्यमियों को प्रदेश में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण देने के लिए औद्योगिक नीति को सरल बनाया है। उन्होंने उद्यमियों से अनुरोध किया कि वे जिले में आकर रतलाम की सेव के व्यवसाय को आगे बढ़ाने के काम में सहयोग करे। प्रदेश सरकार का वादा हैं कि आप एक कदम आगे बढाये, हम हर कदम पर आपके साथ है।

एमएसएमई मंत्री चेतन्य कश्यप ने कहा कि रतलाम की प्रसिद्ध सेव को जीआई टैग दिलाने की प्रक्रिया भले ही लंबी रही हो, लेकिन आज भी स्थानीय उद्यमी इसका पूर्ण लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। उन्होंने उद्यमियों से अपील की है कि वे जीआई टैग का अधिकतम उपयोग कर अपने उत्पाद को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्थापित करें।सबका प्रयास हो कि रतलामी सेव का नाम ही नहीं ,काम भी विश्व स्तरीय हो।'एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी)' योजना का मुख्य उद्देश्य जिले के पारंपरिक उत्पादों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग कर उन्हें वैश्विक स्तर तक पहुंचाना है। समिट में रतलाम की सेव को जी आई टेग दिलवाने वाले शैलेन्द्र गाँधी का मंच पर मंत्री काश्यप एवं रतलामी सेव मंडल के प्रतिनिधियों द्वारा स्वागत कर सम्मानित किया गया।

शुभारंभ एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्वागत उदबोधन मनोहर पोरवाल अध्यक्ष रतलामी सेव मंडल ने दिया। आयुक्त एमएसएमई दिलीप कुमार द्वारा कार्यक्रम में विभागीय पहलों एवं एमएसएमई क्षेत्र के विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में रतलामी सेव की उत्पत्ति, विकास यात्रा एवं विशिष्टताओं पर एक डिजिटल प्रस्तुति प्रदर्शित की गई, जिसने प्रतिभागियों को इसके ऐतिहासिक एवं व्यावसायिक महत्व से अवगत कराया गया। महापौर प्रहलाद पटेल, जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, कलेक्टर मिशा सिंह, सीईओ जिला पंचायत वैशाली जैन, संयुक्त संचालक एमएमएमई उज्जैन अमरसिंह मोरे, महा प्रबंधंक उद्योग रतलाम अतुल वाजपेयी सहित उद्योगो से जुड़े विशेषज्ञ एवं जिले के उद्यमी उपस्थित थे।

### विशेषज्ञों ने व्यवसाय को बढ़ाने पर रखे विचार

इस समिट में जिले की पहचान 'रतलामी सेव' जो अपनी 136 वर्ष पुरानी विरासत और विशिष्टता के लिए देशभर में प्रसिद्ध है कि ब्रांडिंग, मार्केटिंग, निर्यात एवं मूल्य संवर्धन के माध्यम से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाने के लिए ब्रांडिंग, मार्केटिंग, पैकेजिंग एवं लॉजिस्टिक्स सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में विशेषज्ञों ने रतलाम की सेव के व्यवसाय को बढ़ाने में सहयोग के लिए अपने विचार रखें। विशेषज्ञों द्वारा उत्पाद की ब्रांड वैल्यू बढ़ाने, आधुनिक पैकेजिंग, सप्लाई चेन दक्षता एवं रिटेल कनेक्टिविटी पर विस्तृत चर्चा की गई। उत्पादन, शेल्फ लाइफ, निर्यात एवं बीएसएम सत्र मे उत्पादन, गुणवत्ता, खाद्य सुरक्षा मानक, निर्यात अवसर एवं क्रेता–विक्रेता मीटिंग (बीएसएम) के महत्व पर चर्चा की गई।



## जिला पंचायत उपाध्यक्ष केशू निनामा सहित तीन के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**शिवगढ़ में शराब दुकान बंद कराने के मामले में पुलिस की कार्रवाई**

**रतलाम।** जिले के शिवगढ़ क्षेत्र में शराब की दुकान को जबरन बंद कर ताला लगाने के मामले में पुलिस ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष केशू निनामा सहित तीन लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। यह कार्रवाई आबकारी विभाग की शिकायत के आधार पर की गई है।

पुलिस के अनुसार घटना 15 मार्च की शाम की है। ग्राम शिवगढ़ स्थित लाइसेंसधारी कम्पोजिट शराब दुकान पर पहले कुछ लोगों के बीच विवाद हुआ था। विवाद की सूचना मिलने के बाद जिला पंचायत उपाध्यक्ष केशू निनामा अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने दुकान पर कार्यरत बाहरी व्यक्तियों पर विवाद करने का आरोप लगाया और आक्रोश में आकर दुकान को बंद कर दिया। इस दौरान दुकान के शटर पर दो ताले भी जड़ दिए गए। घटना की जानकारी मिलते ही शिवगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। करीब आधे घंटे तक दुकान बंद रही। इसके बाद पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों को समझाइश दी और स्थिति को शांत कराया। समझाइश के बाद दुकान का ताला खुलवाया गया और मामला तत्काल शांत कराया गया।

इस पूरे मामले को लेकर आबकारी विभाग ने इसे गंभीरता से लिया। आबकारी विभाग के उपनिरीक्षक चेतन वेद ने शिवगढ़ थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष केशू निनामा सहित तीन लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 126(2) और 127(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और घटना से जुड़े अन्य तथ्यों की भी पड़ताल की जा रही है।

## सीआईसीएएस का शपथ ग्रहण समारोह

**रतलाम।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की रतलाम शाखा की छात्र इकाई 'सिकासा' (सीआईसीएएस) द्वारा एक विशेष 'मोटिवेशनल सेशन' एवं 'नवनियुक्त कार्यकारिणी समिति' के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि कलेक्टर मिशा सिंह रही। सत्र का मुख्य आकर्षण नवनियुक्त सिकासा समिति का विधिवत शपथ ग्रहण रहा। आईसीएआई रतलाम के चेयरमैन सीए आकाश मित्तल ने नई कार्यकारिणी को पद एवं कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस नई कार्यकारिणी में सीए शगुन बड़जात्या (चेयरमैन), क्रिश कोठारी (वाइस चेयरमैन), निधान संघवी (सचिव), दिशा गांधी (कोषाध्यक्ष) एवं दक्ष बोकाड़िया (संयुक्त सचिव) ने अपने–अपने पद का दायित्व ग्रहण किया। महावीर खाबिया, भव्य चोपड़ा को सोशल मीडिया हैंडलर, सौम्य जैन को न्यूज़लेटर एडिटर तथा मीत छाजेड़ को न्यूज़लेटर कोऑर्डिनेटर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई।

## संगठन में बढ़ा कद, जमीनी कार्यकर्ता से प्रदेश नेतृत्व तक पहुंचे बलवंत भाटी

**बलवंत भाटी बने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री**



नवभारत न्यूज

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन विस्तार के तहत रतलाम के वरिष्ठ और सक्रिय नेता बलवंत भाटी को पिछड़ा वर्ग मोर्चा का प्रदेश मंत्री नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह और खुशी का माहौल देखा जा रहा है।

बलवंत भाटी लंबे समय से भाजपा संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उन्होंने संगठन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए अपनी अलग पहचान बनाई है। वे भाजपा के दो बार जिला उपाध्यक्ष रह चुके हैं, वहीं युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष के रूप में भी उन्होंने संगठन को मजबूत करने में अहम योगदान दिया है। भाटी को संगठन में मजबूत पकड़ और कार्यकर्ताओं के बीच लोकप्रियता के लिए जाना जाता है। वे रतलाम नगर निगम के महापौर पद और भाजपा जिला अध्यक्ष पद के लिए भी प्रबल दावेदारों में शामिल रहे हैं, जिससे उनकी राजनीतिक सक्रियता और प्रभाव का अंदाजा लगाया जा सकता है। पार्टी नेतृत्व ने उनके अनुभव, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। माना जा रहा है कि उनकी नियुक्ति से पिछड़ा वर्ग मोर्चा को प्रदेश स्तर पर नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। नियुक्ति के बाद बलवंत भाटी ने पार्टी के प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। साथ ही पार्टी की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य करेंगे।

## शिकायत के बाद नप की लापरवाही, सूखे नीम का पेड़ गिरने से महिला घायल



**सैलाना/नामली।** दिलीप मार्ग स्थित डॉ. ओपी जोशी के अस्पताल के पास एक बड़ा हादसा उस समय हो गया जब सड़क किनारे खड़ा पुराना सूखा नीम का पेड़ अचानक जड़ से उखड़कर गिर पड़ा। घटना की जानकारी मिलते ही पार्षद विशाल धभाई एवं रहवासी लोगों ने तत्काल पुलिस को जानकारी दी और पुलिस मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है कि नामली निवासी महिला जो एक सामाजिक कार्यक्रम में आई थी। घटना में महिला का पेर फैक्चर हो गया।

महिला को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल हॉस्पिटल रतलाम भेजा गया। स्थानीय लोगों के अनुसार पेड़ को लेकर पहले ही खतरे की आशंका जताई जाकर क्षेत्र निवासी मुकेश कसेरा ने नगर परिषद सैलाना को दो बार लिखित आवेदन देकर पेड़ को हटाने का आवेदन दिया था। बावजूद नगर परिषद की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सैलाना नगर परिषद अधिकारी ने कार्रवाई की होती तो यह हादसा टल सकता था। हादसे के बाद जागा प्रशासन दिलीप मार्ग में की हरे-भरे पेड़ों की कटाई। इधर परिषद अध्यक्ष चैतन्य शुक्ला ने घटना को लेकर सीएमओ मनोज शर्मा को पत्र जारी कर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही कर अवगत करवाने की बात कंही।

## गौमाता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने अभियान

**रतलाम।** राजस्थान से मध्य प्रदेश के भ्रमण पर निकले महंत त्र्यंबक गिरी महाराज शहर में पहुंचे। यहां माहेश्वरी भवन में उन्होंने समाजजनों और गौसेवकों से चर्चा की। महंत ने सभी से गौ सम्मान आह्वान अभियान से जुड़ने की अपील की। उन्होंने बताया कि अभियान के पहले चरण में 27 अप्रैल 2026 को बड़े स्तर पर हस्ताक्षर जुटाए जाएंगे। इसके बाद तहसील स्तर पर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे जाएंगे। मुख्य मांग गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और गौमाता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने की है। चर्चा में गौसेवा के लिए अलग से केंद्रीय मंत्रालय और कानून बनाने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही गौधर बोर्ड के गठन और चारा सुरक्षा नीति बनाने की बात कही गई। वक्ताओं ने गौ–आधारित कृषि और पंचगव्य उत्पादों के वितरण को बढ़ाने का सुझाव दिया। महंत त्र्यंबक गिरी का सम्मान किया गया। इस दौरान अध्यक्ष शैलेंद्र डागा, डॉ. बीएल तापड़िया, नरेंद्र बाहेती समेत बड़ी संख्या में गौभक्त और नागरिक उपस्थित रहे।

## गांठ बताकर बच्चादानी निकाली, डॉक्टर और अस्पताल संचालक पर 10 लाख का जुर्माना

नवभारत न्यूज

**जावरा।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, रतलाम ने एक अहम फैसले में चिकित्सा लापरवाही को गंभीर मानते हुए डॉक्टर और निजी अस्पताल पर 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है।

आयोग ने स्पष्ट किया कि मरीज के इलाज में गंभीर त्रुटियां और बिना पर्याप्त जांच के ऑपरेशन करना उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन है। बताते चले की, पिपलौदा तहसील के ग्राम पंचेवा निवासी यशोदाबाई (35) पेट दर्द के इलाज के लिए भीमाखेड़ी चौराहे के समीप स्थित एक होटल में संचालित हो रहे पाटीदार मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल पहुंची थीं। यहां डॉ. पूजा देवड़ा और डॉ. यतीन्द्र सिंह ने मरीज को पेट में गांठ बताकर जल्द ऑपरेशन कराने की सलाह दी। मरीज को यह भी कहा गया कि यदि ऑपरेशन नहीं कराया तो गांठ फट सकती है और कैंसर का खतरा है। डॉक्टरों की सलाह पर 19 नवंबर 2022 को ऑपरेशन किया गया, लेकिन आरोप है कि बिना पर्याप्त जांच के ही ऑपरेशन कर मरीज की बच्चेदानी निकाल दी गई। ऑपरेशन के बाद भी महिला की स्थिति में सुधार नहीं हुआ, बल्कि लगातार परेशानी बनी रही। पीडिता ने मामले की शिकायत प्रशासन और पुलिस से की। इस पर प्रारंभिक स्तर पर कार्रवाई करते हुए पूर्व में 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया था। लेकिन संतुष्टि नहीं होने पर पीडिता ने अपने अधिवक्ता मनीष त्रिवेदी के माध्यम से जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद प्रस्तुत किया।

आयोग ने मामले की सुनवाई के बाद डॉ. पूजा देवड़ा और पाटीदार अस्पताल के संचालक को दोषी पाया। अधिवक्ता मनीष त्रिवेदी ने बताया, आयोग ने 10 लाख रुपए का हर्जाना अदा करने का आदेश दिया है। साथ ही परिवाद प्रस्तुत करने की तिथि से भुगतान तक 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देने के निर्देश भी दिए गए हैं। यह राशि 60 दिनों के भीतर जमा करना अनिवार्य होगा। इसके अलावा मेडिकल काउंसिल द्वारा भी डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पंजीयन को तीन माह के लिए निलंबित करने की अनुशंसा की गई है। यह फैसला चिकित्सा क्षेत्र में जवाबदेही तय करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

एक नजर में — **किसानों को अभी समय नहीं, गेहूं के दाम भी गिरे, 1 अप्रैल से होगी गेहूं की सरकारी खरीदी शुरू**

## सोसायटी में 28 तक ऋण जमा नहीं होने पर ब्याज लगना होगा शुरू

नवभारत न्यूज

**जावरा/बड़ावदा।** मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा जिला सहकारी बैंकों में किसानों को जीरो प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध करवाया जाता आ रहा है। किसानों के द्वारा इस राशि को समय–समय पर जमा करने पर किसानों को पुन: व राशि जीरो प्रतिशत ब्याज के साथ प्रदान की जाती है।

वर्तमान में किसानों के द्वारा जो ऋण लिया गया है जिला सहकारी बैंकों में वह 28 मार्च तक जमा करता है तो किसानों को जीरो ब्याज वाली योजना का लाभ मिलेगा। अगर किसान इसके बाद अपनी ऋण राशि जमा करता है तो फिर किसानों को ब्याज सहित राशि जमा करनी होगी इसके लिए सभी सोसाइटियों के द्वारा किसानों को सूचित भी किया जा रहा है। शासन के द्वारा यदि जीरो प्रतिशत ब्याज पर जमा करने की तारीख नहीं बढ़ाई गई तो किसानों को 28 मार्च के बाद ब्याज लगना प्रारंभ हो जाएगा। बता दे 2025 में भी जीरो प्रतिशत ब्याज के लिए तारीख नहीं बढ़ाई गई थी और 28 मार्च के बाद कई सारे किसानों को ब्याज लगना प्रारंभ हो गया था। वर्तमान में भी अभी किसान अपनी फसल काटने निकालने और घर लाने में ही व्यस्त है। ऐसे में किसानों के पास पैसा ही नहीं है। दूसरी और शासन के द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं 1 अप्रैल से तोलना प्रारंभ किया जा रहा है। तो किसानों के पास पैसा कहां से आएगा शासन को इस तारीख को बढ़ाना चाहिए, जिससे किसानों को लाभ मिल सके। इधर गेहूं की फसल आ गई है। गेहूं के दाम भी गिर गए है। वर्तमान में मार्केट में गेहूं 2 हज़ार से लगाकर 2 हज़ार तीन सो रूपये के लगभग चल रहा है। उधर किसानों को 28 मार्च के पहले सोसायटियों में किसानों को ऋण भी जमा करवाना नहीं नहीं तो किसानों की ब्याज जमा करना पड़ेगा। किसान बिसेन सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी जो पहले 16 मार्च से की जा रही थी वह अब 1 अप्रैल से गेहूं की खरीदी प्रारंभ होगी ऐसे में किसानों को सोसायटियों को जमा करने के लिय परेशान होना पड़ रहा है। फसल तैयार है पर उसके दाम सही नहीं मिल रहे है, शासन की इन परिस्थितियों को देख सोसायटियों में ऋण वसूली की तारीख के 28 अप्रैल तक बढ़ाना चाहिए।



### मजदूरी में लग रहे रुपए

इस समय किसान खेतों में गेहूं की कटाई, निकालने में भिड़ा हुआ है। हाईवे स्टार से भी गेहूं निकाले जा रहे है। जिसमें भी खर्च हो रहा है। मौसम भी किसानों को परेशान कर रहा है। मजदूरी भी अधिक देने के बाद समय पर मजदूर नहीं मिल रहे है। किसानों का काफी रुपया तो मजदूरों आदि में जा रहा है। ऐसे में उनके लिए अभी ऋण जमा करना भारी पड़ रहा है। बडावदा क्षैत्र के किसान गोपाल जाट ने बताया कि मार्च के अंतिम माह में ट्रैक्टर आदि की किश्त आदि भी आती है। जिसको लेकर किसान पहले ही चिंतित है। चूंकि गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीदी 1 अप्रैल से होगी। उसके बाद किसानों को भुगतान 15 दिन पहले मिलेगा नहीं। ऐसे में किसान कैसे ऋण चुका पाएगा। यह विचारणीय है।